# ग्रामीण छात्रों को शिक्षित करने के लिये ICFAI ने शुरू की 'विद्या दान' पहल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रांची परिसर में झारखंड के पड़ोसी गाँवों के ग्रामीण छात्रों के शिक्षा स्तर में सुधार के लिये 'विद्या दान' नामक एक अभिनव पहल शुरू की गई।

## प्रमुख बिंदु

- कार्यक्रम में आईसीएफएआई के कुलपति प्रोफेसर ओ.आर.एस. राव ने कहा कि भारत सरकार की उन्नत भारत अभियान (यूबीए) योजना के तहत विश्वविद्यालय ने पाँच पड़ोसी गाँवों, समिलिया, दलदली, गुटुआ, तलिटा और पुंदाग को गोद लिया था।
- इन पाँच गाँवों में एक सर्वेक्षण करने के बाद ग्रामीण छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता और आईटी कौशल में सुधार के लिये 'विद्या दान' योजना शुरू करने का फैसला लिया गया है। इसके तहत विश्वविद्यालय परिसर में शाम 4.30 बजे से गणित और भौतिकी में कक्षा 8 के छात्रों के लिये उपचारात्मक कक्षाएँ आयोजित की जाएंगी।
- इसके अलावा 5 पंचायतों में विद्या दान केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, जिसमें युवाओं को आईटी कौशल में प्रशिक्षित करने के लिये कंप्यूटर केंद्र स्थापित की जाएंगी।
- प्रोफेसर राव ने कहा कि एक चलित पुस्तकालय स्थापित करने की भी योजना बनाई जा रही है, जिसमें पाठ्य-पुस्तकों और कहानी की किताबों की मोबाइल लाइब्रेरी वाला एक वाहन सभी 5 गाँवों की यात्रा करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/icfai-launches-vidya-daan-initiative-to-educate-rural-students